## न्यूज डायरी



### पाक को मिली बड़ी राहत, अमेरिका, वर्ल्ड बैंक, एडीबी ने खोला अपना खजाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के लिए कोरोना से लड़ाई के मोर्चे पर राहत की खबर आई है। दरअसल, अमेरिका के बाद वर्ल्ड बैंक और एशिया विकास बैंक यानी एडीबी ने भी पाकिस्तान को कोरोना वायरस और उसके सामाजिक–आर्थिक प्रभाव से निपटने के लिए 58.8 करोड़ डॉलर देने पर सहमति जताई है। कोरोना के मामले बढ़ते ही इमरान सरकार ने दोनों बैंकों से बातचीत शुरू कर दी थी। अमेरिका ने गुरुवार को किस्तान को कोरोना के खिलाफ लड़ाई में 10 करोड़ डॉलर की मदद देने की घोषणा की थी। पाक मीडिया के मुताबिक, सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा है कि वर्ल्ड बैंक 23.8 करोड़ डॉलर और एडीबी 35 करोड़ डॉलर का लोन देगा। यह पाकिस्तान के लिए बड़ी राहत की बात है क्योंकि उसे उम्मीद थी कि वर्ल्ड बैंक उसे 14 करोड़ डॉलर ही देगा, लेकिन उसने 23 करोड़ डॉलर से अधिक की मदद की प्रतिबद्धता जाहिर की है।

### आतंकवादियों ने पाक में पुलिस चौकी पर किया हमला, दो पुलिसकर्मियों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर कबायली क्षेत्र में कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर स्वचालित हथियारों से हमला किया जिसमें दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। जिला पुलिस अधिकारी निसार अहमद ने बताया कि आतंकवादियों ने ऊपरी औरकजई कबायली जिले के मामोजई इलाके में पुलिस जांच चौकी पर हमला किया। उन्होंने बताया कि फ्रंटियर कोर बलों ने जवाबी कार्रवाई की और इसके बाद हुई मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। बाद में, कई पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान चलाया गया।

### भीतरघात हमले में अफगान सुरक्षा बल के 24 कर्मियों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। दक्षिणी अफगानिस्तान में अफगान सुरक्षा बलों के अड्डे पर उसके ही लोगों द्वारा किए गए हमले में शुक्रवार को कम से 24 सैनिकों की मौत हो गई। जाबुल के गवर्नर रहमतुल्ला यरमाल ने कहा कि कई ''घुसपैठियों'' ने अपने कोमरेड पर उस समय गोलियां चलाई जब वे सो रहे थे। यह पिछले महीने तालिबान के साथ अमेरिका के शांति समझौते के बाद अब तक का सबसे वीभत्स हमला है। यह हमला कलात के समीप पुलिस और सेना के संयुक्त मुख्यालयों को निशाना बनाकर किया गया। प्रांतीय राजधानी कलात को लंबे समय तक तालिबान का गढ़ माना जाता रहा। जाबुल के प्रांतीय परिषद के प्रमुख अता जन हक बायन ने कहा, ''हमले में अफगान सेना के 14 जवान और 10 पुलिसकर्मी मारे गए। हमलावरों का तालिबान के आतंकवादियों से ताल्लुक था।'' वे एक पिकअप ट्रक, हथियार और गोला बारुद के साथ सेना के दो वाहनों में फरार हो गए। यरमाल ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की।

### नेपाल सीमा के समीप तिब्बत में 5.9 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के दूरवर्ती हिमालयी क्षेत्र तिब्बत में शुक्रवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। यह क्षेत्र नेपाल के नजदीक है। चीन भूकंप नेटवर्क्स केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र 28.63 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.42 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। स्थानीय सरकार ने बताया कि माउंट एवरेस्ट के समीप तिब्बत के शिगात्से शहर की तिंगरी काउंटी में सुबह नौ बजकर 33 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के कारण मकान ढहने या यातायात और संचार सेवाओं के बाधित होने की कोई खबर नहीं है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, काउंटी सरकार ने और जानकारी जुटाने के लिए अधिकारियों को गांवों और शहरों में भेजा है। तिंगरी की सीमा नेपाल के दक्षिण हिस्से से लगती है। काउंटी के ज्यादातर इलाके माउंट एवरेस्ट नेशनल नेचर रिजर्व के हैं।

# कोरोना वायरस ने लील ली एक पीढ़ी, दफनाने को कम पड़ रहे ताबूत

**दहशत**

## कोरोना वायरस का नया गढ़ बन चुके इटली में हालात बेकाबू हो गए हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रोम। चीन के बाद कोरोनावायरस का नया गढ़ बन चुके इटली में हालात बेकाबू हो गए हैं। यहां बर्गमो प्रांत में तो हालात इतने भयावह हैं कि कोरोनावायरस से मरने वाले लोगों का अंतिम संस्कार करने में भी संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। यहां केवल दो सप्ताह में ही एक पूरी पीढ़ी अपनी जान से हाथ धो बैठी है। हालात इतने भयावह हैं कि स्थानीय लोगों का कहना है कि यह रुला देने वाला है।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, बर्गमो प्रांत में लाशों को दफनाने में ही काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के चर्चों में ऐसे ताबूतों की लाइनें लगी हैं, जिनमें संक्रमण से मरने वालों की लाशों को दफनाया जाना है। इस वजह से लोगों को लाश अपने घरों में ही कई दिनों तक रखनी पड़ रही है। इसकी वजह है कि कोरोनावायरस महामारी की मार झेल रहे इस इतावली प्रांत में अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी संभालने वाली कंपनियों की कार्यप्रणाली चरमरा गई है।



**तीन हजार से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके:** इटली में गुरुवार तक वायरस की वजह से तीन हजार से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। बेहद कम समय में काफी लोगों की मौत हो जाने की वजह से लाशों को बिना किसी संस्कार या समारोह के दफनाया जा रहा है। लोम्बार्डी क्षेत्र में पड़ने वाले इस प्रांत में 12 लाख लोग रहते हैं और यहां केवल इसी इलाके से ही दो हजार से अधिक संक्रमित लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

इसके अलावा इस क्षेत्र में 4,300 से अधिक लोग कोरोना पॉजिटिव हैं। यहां स्थिति इस कदर बेकाबू हो गई है कि लाशों को दफनाने में भी सेना की मदद लेनी पड़ रही है। यहां बुधवार की रात सेना को कब्रिस्तान में विभिन्न स्थानों से 65 ताबूतों को स्थानांतरित करने के लिए काम पर लगाना पड़ा। क्षेत्र में अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी संभालने वाली सीएफबी एक मार्च से लगभग 600 लोगों को दफना चुकी है।

**एक पूरी पीढ़ी अपनी जान से हाथ धो बैठी:** सीएफबी के अध्यक्ष एंटोनियो रिकियार्डी ने कहा, 'हम सामान्य तौर पर एक सामान्य महीने में लगभग 120 लोगों का अंतिम संस्कार कराते हैं। मगर अब केवल दो सप्ताह में ही एक पूरी पीढ़ी अपनी जान से हाथ धो बैठी है। हमने इससे पहले ऐसा कुछ नहीं देखा। यह वाकई रुला देने वाला अहसास है।' बर्गमो में अंतिम संस्कार कराने वाली लगभग 80 कंपनियां हैं, जिनमें से प्रत्येक कंपनी को एक घंटे में दर्जनों कॉल आ रही हैं। कोरोना के बढ़ते प्रकोप से आलम यह है कि इलाके में दफनाने के लिए ताबूतों की भी कमी पड़ गई है। इसके अलावा अंतिम संस्कार कराने वाले कर्मचारियों के सामने भी संक्रमित होने का खतरा है।

## कोरोना वायरस के कहर से निपटने के लिए बांग्लादेश लेगा सेना की मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। बांग्लादेश सरकार घातक कोरोनावायरस से निपटने के लिए सेना की मदद लेगी। अधिकारियों ने बताया कि यहां पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है और अब तक एक की मौत हुई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री जाहिद मलिक ने गुरुवार को कहा, 'सेना का इस्तेमाल ढाका के बाहरी इलाके टोंगी में विशेष क्वारन्टीन सुविधाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा।'

इस बीच मंत्री ने कहा, 'सरकार बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए अतिसंवेदनशील क्षेत्रों को बंद करने पर विचार कर रही है।' उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हम संक्रमण की दर को बढ़ने से रोकने के लिए अतिसंवेदनशील क्षेत्रों को बंद करने पर विचार कर रहे हैं। एहतियाती उपायों को मद्देनजर रखते हुए बांग्लादेशी सरकार ने देश में सभी प्रकार के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक समारोहों पर कथित रूप से रोक लगाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कोरोनावायरस के प्रसार को रोकने के लिए, मस्जिद और अन्य धार्मिक स्थलों पर एकत्रित होने से परहेज करने की अपील किया है। देश में अब तक कोरोनावायरस के 3 मरीज ठीक हो चुके हैं।



मोदी के नक्शेकदम पर चीन, कोरोना वायरस से जंग पर करेगा विडियो कॉन्फ्रेंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। दुनियाभर में 10 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले चुके किलर कोरोना वायरस से निपटने के लिए चीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नक्शेकदम पर चलने जा रहा है। कोरोना वायरस का केंद्र रहे चीन ने ऐलान किया है कि वह यूरेशिया और दक्षिण एशिया के 10 से ज्यादा मित्र देशों के साथ विडियो कॉन्फ्रेंस करेगा। इस दौरान कोरोना को रोकने और बचाव की रणनीति के बारे में बताया जाएगा। भारत भी इस विडियो कॉन्फ्रेंस में शामिल होगा।

## कोरोना वायरस के कहर से कराह उठा इजरायल ईरान में कोविड–19 के 1284 मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। पश्चिम एशिया के दो दुश्मन देश ईरान और इजरायल किलर कोरोना वायरस के कहर से कराह उठे हैं। ईरान में 149 मौतों के साथ ही कोरोना वायरस से अब यहां कुल मौतों का आंकड़ा 1,284 पर पहुंच गया है। कोरोना वायरस से ज्यादा प्रभावित हुए देशों में इजरायल मध्य–पूर्व का दूसरा देश बन गया है। इजरायल में अब तक 677 संक्रमित मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को ईरान के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने पुष्टि की कि बुधवार को 1,091 नए मामलों के साथ देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 18,407 पर पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के जनसंपर्क और सूचना केन्द्र के प्रमुख कियानुश जहांपुर ने ट्वीट किया, 'मध्य–पूर्व के देशों में ईरान पर कोरोना का असर भयावह है। यहां हर घंटे 50 नागरिक इस घातक वायरस से संक्रमित हो रहे हैं। वहीं हर 10 मिनट में यह वायरस एक ईरानी को मौत के मुंह में धकेल रहा है।'

### इजरायल मध्य–पूर्व का दूसरा देश बन गया है

**इजरायल में एक दिन में सबसे ज्यादा 244 मामले:** इजरायल में गुरुवार को एक दिन में सबसे ज्यादा 244 मामले सामने आए। यहां की सरकार ने नागरिकों को 7 दिनों के लिए घर छोड़ने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया और उल्लंघन करने पर 14,400 नए शेकेल (3,945 डॉलर) का जुर्माना और छह महीने तक के कारावास का प्रावधान किया है। मिस्र में कोविड–19 मामलों की कुल संख्या 256 और 7 मौतें दर्ज हो चुकी हैं।

मिस्र की कैबिनेट ने 31 मार्च तक सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक मॉल, रेस्तरां, कॉफी की दुकानों और इसी तरह के मनोरंजन स्थानों को बंद करने का फैसला किया है। हालांकि खाद्य भंडार, फार्मेसी, किराने का सामान और बेकरी प्रभावित नहीं होंगे। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 27 नए कोविड–19 मामलों के साथ कुल संख्या 140 हो गई है।

## पाकिस्तान में अफरातफरी का माहौल, कोविड–19 का गढ़ बनता जा रहा सिंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कोरोना वायरस के कहर से पाकिस्तान बेहाल होता जा रहा है। पूरे पाकिस्तान में लॉकडाउन जैसे हालात हैं और लोग दहशत में जी रहे हैं। इस बीच कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या पाकिस्तान में 453 पहुंच गई है। अब तक बीमारी से दो लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा मामले पाकिस्तान की बेहद घनी आबादी वाले प्रांत सिंध से आ रहे हैं। सिंध की राजधानी कराची में अफरातफरी का माहौल है। सिंध प्रांत में अब तक 245 मामले सामने आए हैं जो पाकिस्तान में सबसे ज्यादा हैं। हालात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कराची में हजारों लोग जांच कराने के के लिए अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। इससे पहले से ही मरीजों की भारी भीड़ का सामना कर रहे हॉस्पिटल और वहां काम कर रहे लोगों की हालत खराब है। इससे अस्पतालों में अफरातफरी का माहौल हो गया है।